भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग,श्यामला हिल्स रोड,भोपाल
Website:www.bsg.net, E_mail bsgmadhypradesh@gmail.com phone no. 2661263, Fax:2737446

क्र0 / 5897 / रा0मु0 / गति. / 2013 भोपाल, दिनाक 31 / 12 / 2013

प्रति,

1 संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण
संभाग ....

1. जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट
जिला..

4. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
संभागीय मुख्यालय ....

विषय : राज्य स्तरीय कब–बुलबुल उत्सव का आयोजन 2013–14 (राज्य शिक्षा केन्द्र)

सन्दर्भ : राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार ।

–––000–––

भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. राज्य मुख्यालय भोपाल द्वारा राज्य स्तर पर शासकीय/ अशासकीय / सी.बी.एस.ई. विधालयों के कब–बुलबुल को प्रोत्साहित करने हेतु कब–बुलबुल उत्सव का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर में किया जा रहा है। अतः अपने संभाग / जिले से निम्न सूचनाओं से कब–बुलबुल को अनिवार्य रूप सम्मिलित करावें :–

1. **कार्यक्रम का नाम :** **राज्य स्तरीय कब–बुलबुल उत्सव (राज्य शिक्षा केन्द्र)**
2. अवधि : **दिनांक 19 से 23 फरवरी 2014**
3. स्थान : भारत स्काउट एवं गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर भोपाल।
4. कैसे पहुँचे : गांधीनगर प्रशिक्षण केन्द्र हेतु रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेंड से सिटी बस क्र. 06 द्वारागांधीनगर पहुँचा जा सकता है। इन्दौर, उज्जैन संभाग से आने वाले प्रतिभागी लालघाटी या बैरागढ उतर कर सिटी बस / टेम्मों द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र पहुँच सकते है।
5 उपस्थिति दिनांक : **दिनांक 19 फरवरी 2014 भोजन से पहले ।**
6. कार्यमुक्ति दिनांक : **दिनांक 23 फरवरी 2014 भोजन के बाद ।**
7. पात्रता : राज्य शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत शास0प्राथ0विद्यालय के कब–बुलबुल जिनकी आयु 06 से 10 वर्ष के मध्य हो भाग ले सकेगें।
8. वित्तीय सहायता : उत्सव में सम्मिलित होने वाले कब–बुलबुल, स्काउटर–गाइडर को आतिथ्य देय होगा । सम्मिलित होने वाले कब–बुलबुल, स्काउटर–गाइडर को रेल्वे कन्शेसन के आधार पर रेल तथा नजदीकी रेल्वे स्टेशन तक की दूरी का बस किराया टिकट प्रस्तुत करने पर राज्य मुख्यालय के नियमानुसार देय रहेगा ।

नोट :– समस्त ए0एस0ओ0सी0(स्का. / गा.) अपने संभाग अन्तर्गत कब–बुलबुल को रेल कन्शेसन उपलब्ध करावें ।

9. कोटा : **प्रत्येक संभाग से 06 कब एवं 06 बुलबुल के साथ 01 कब मास्टर 01 फ्लाक लीडर (शिक्षक / शिक्षिका) को सम्मिलित करावें।**
10 **<u>आवश्यक सामग्री</u> :–**

(क). व्यक्तिगत सामग्री 02 जोड पूर्ण व्यवस्थित यूनिफार्म, पहनने व बदलने के कपडे, भोजन करने हेतु थाली, कटोरी, चम्मच, गिलास, मौसम के अनुसार हल्का गर्म बिस्तर, प्रसाधन सामग्री, बरसाती, पेन, नोटबुक, कलर बाक्स, गॉठे हेतु रस्सी, टार्च, मच्छरदानी आदि।

(ख) **टोलीवार सामग्री** : प्लास्टिक शीट, दरी, गजेटस सामग्री, प्रोजेक्ट प्रदर्शन सामग्री, कार्यो का

विवरण प्रदर्शनी की सामग्री, टोली कार्नर की सामग्री, हस्तकला, केम्प फायर, शिविर सजावट, लोकनृत्य सामग्री, फार्स्टएड पट्‌टी, सुतली, वाघयंत्र, परी, जगली जानवर के मुखौटे आदि आवश्यक सामग्री साथ लावें

11. **प्रतियोगिता कार्यक्रम** : शिविर सजावट, बुलबुल ट्री, गर्जना, तारा की कहानी, प्रतियोगिता जंगल नृत्य, अभिनय के खेल, कहानी कहना, पेन्टिग, ड्रांइग, प्रदर्शन, हस्तकला, लोकनृत्य, फैन्सीड्रेस, समूह गीत लाल फुल, कलरव, मौखोटे निर्माण, दक्षता बैज का प्रदर्शन आदि प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण तैयारी के साथ कब–बुलबुल को भेजा जावें।

अतः आप अपने जिले से कोटा अनुसार पात्रता रखने वाले कब–बुलबुल की प्रतिभागिता सुनिश्चत कर सूची दिनांक 15 जनवरी 2013 तक इस कार्यालय को अनिवार्यतः अवगत करावें।

नोट :– सम्मिलित होने वाले कब मास्टर/फ्लाक लीडर (शिक्षक/शिक्षिकायें) शिविर अवधि में पूर्ण समय यूनिफार्म में रहेगें ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ.क्र./5898/रा0मु0/गति./2013 भोपाल, दिनाक 31/12/2013

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, गौतमनगर भोपाल ।
2. आयुक्त, राज्य शिक्षण केन्द्र अरेरा हिल्स भोपाल ।
3. राज्य संगठन आयुक्त/राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्का/.गा.) संभागीय मुख्यालय, भोपाल।
4. लेखा/स्थापना कक्ष, राज्य मुख्यालय भोपाल।
5. वार्डन, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीगनर, भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश